एफएसएस ने उज्जीवन को बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों तक 'बायोमीट्रिक एटीएम' के फायदे पहुंचाने में सक्षम बनाया



मुंबई। उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेस लि. एक अग्रणी देशव्यापी माइक्रो फाइनेंस संस्थान है, जो स्मॉल फाइनेंस बैंक में तब्दील हो रहा है। उज्जीवन ने घोषणा की कि यह देश में बैंकरहित एवं सुविधारहित ग्राहकों को बायोमीट्रिक इनेबल्ड मशीन्स के माध्यम से एटीएम के फायदे प्रदान करेगा। यह पहल फाइनेंशियल सॉफ्टवेयर एण्ड सिस्टम्स द्वारा उपलब्ध कराई गई है। एफएसएस के साथ यह साझेदारी देश में ग्राहकों की विविध जरूरतों को सुरक्षित तरीके से पूरा करने स्ट्रेटिजक ऑम्नी-चैनल एक्सेस प्रदान करने के उज्जीवन के निरंतर प्रयास का हिस्सा है। एफएसएस द्वारा उज्जीवन को एसएफबी लॉन्च करने में समग्र पेमेंट्स टेक्नॉलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा सपोर्ट करने के लिए समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है।